वेयरहाउसिंग कर्मी 90 हजार घूस लेते पकड़ाया

- छह दिन अफसर के पीछे लगी रही लोकायुक्त पुलिस
- कनिष्ठ सहायक के लिए ली थी कर्मचारी ने ली थी घूस

विशेष प्रतिनिधि,
भोपाल, 15 सितंबर. रिश्वत लेने वाला अफसर सीधे हाथ नहीं आया तो लोकायुक्त टीम ने छह दिन तक नर्मदापुरम में डेरा डाले रखा. अफसर से संपर्क और घूस लेने के रास्ते तलाशती टीम आखिरकार मंगलवार को उस समय कामयाब हुई, जब आरोपी कनिष्ठ सहायक ने खुद रकम लेने के बजाय अपने अधीनस्थ दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी को भेज दिया.

जैसे ही कर्मचारी ने 90 हजार रुपए लिए, लोकायुक्त टीम ने उसे रंगे हाथ दबोच लिया. मामला नर्मदापुरम में मध्यप्रदेश वेयर हाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन का है. लोकायुक्त के अनुसार जसलपुर निवासी संदीप कुमार परसाई सहकारी सेवा समिति में सेल्समैन हैं और मूंग उपार्जन का काम भी देखते हैं. उन्होंने शिकायत की थी कि कॉर्पोरेशन में पदस्थ कनिष्ठ सहायक भारत यादव उनसे मूंग उपार्जन की एनओसी जारी करने और दो होल्डिंग चालान पास कर भुगतान के लिए लगाने के बदले 1.30 लाख रुपए मांग रहा है. शिकायत के मुताबिक 8 सितंबर को भारत यादव 40 हजार रुपए पहले ही ले चुका था. इसके बाद एनओसी के लिए 90 हजार रुपए और मांगे जा रहे थे. संदीप की शिकायत पर लोकायुक्त ने रिश्वत मांगने की पुष्टि की और 9 सितंबर को टीम नर्मदापुरम पहुंची. अफसर को सीधे पकड़ने के लिए टीम करीब छह दिन तक उसके संपर्क और गतिविधियों पर नजर रखती रही. मंगलवार को ट्रैप की योजना बनाई गई. इस दौरान भारत यादव ने खुद रिश्वत लेने के बजाय अपने अधीनस्थ दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी विपिन सिंह को 90 हजार रुपए लेने के लिए भेज दिया. संदीप ने अग्रवाल होटल, मीनाक्षी चौराहे पर विपिन को रकम दी. इसी दौरान पहले से घात लगाए लोकायुक्त अधिकारियों ने उसे रंगे हाथ पकड़ लिया. उसके पास से 90 हजार रुपए बरामद किए गए. लोकायुक्त पुलिस ने भारत यादव और विपिन सिंह के मामला दर्ज किया है.

> **दो साल पहले मिली थी अनुकंपा नियुक्ति**
>
> बताया गया है कि भारत यादव को करीब दो साल पहले अनुकंपा नियुक्ति मिली थी. हाल ही में मूंग खरीदी से जुड़े करीब 12 करोड़ रुपए के घोटाले के बाद तत्कालीन प्रबंधक वासुदेव को हटाया गया था. इसके बाद भारत यादव को संबंधित काम का प्रभार मिला था. अब रिश्वत के मामले में उसके खिलाफ लोकायुक्त की कार्रवाई हुई है.

बैरसिया में किसानों ने निकाली ट्रैक्टर रैली

- एडीएम को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज
बैरसिया, 15 सितंबर. भारतीय किसान संघ ने नजीराबाद, बैरसिया एवं हुजूर के किसानों की बर्बाद फसलों सहित अन्य लंबित मांगों को लेकर मंगलवार को लगभग 200 ट्रैक्टरों के साथ रैली निकाली.

बैरसिया बसस्टैंड चौराहे पर आमसभा आयोजित कर प्रधानमंत्री एव मुख्यमंत्री के नाम एडीएम प्रकाश नायक एवं एडिशनल एसपी (देहात) प्रमोद सोनकर को मांगों का ज्ञापन सौपा. एसडीएम शिवांगी बघेल और सहायक संचालक कृषि सुमन प्रसाद सहित पुलिस प्रशासन मौजूद रहा. किसान संघ के जिला मीडिया प्रभारी विनय सिह पटेल ने बताया कि खराब मौसम और इल्ली के प्रकोप के कारण सोयाबीन, उड़द आदि में भारी नुकसान हुआ है. क्षेत्र के किसानों को वर्ष 2024-25 का फसल बीमा अभी तक नहीं मिला है. किसान संघ के प्रांतीय सदस्य कैलाश सिंह ठाकुर, संभागीय अधिकारी वेदप्रकाश दांगी, जिला अध्यक्ष गिरवर सिंह राजपूत, जिला मंत्री देवेंद्र दांगी ने किसानों के साथ नारेबाजी करते हुए सरकार को किसान विरोधी बताया.

ये है प्रमुख मांगें

खराब फसलों का सर्वे कराकर तत्काल मुआवजा दिया जाए.प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का तुरंत लाभ मिले. वर्ष 2024-25 में खराब हुई खरीफ फसल का लंबित बीमा तत्काल दिया जाए. प्रधानमंत्री फसल बीमा में सैटेलाइट सर्वे बंद कर पूर्व की भांति फिजिकल/पारदर्शी सर्वे कराया जाए. आगामी रबी फसलों के लिए खाद, बीज एवं पर्याप्त बिजली की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए.

एक नजर में

दशलक्षण पर्व आज से, धार्मिक कार्यक्रम होंगे

मंडीदीप, 15 सितंबर. मंडीदीप में दिगंबर जैन समाज द्वारा दशलक्षण पर्व 16 से 25 सितंबर तक मनाया जाएगा. इस दौरान नगर के विभिन्न जिनालयों में प्रतिदिन अभिषेक, पूजन, धार्मिक अनुष्ठान, तत्वार्थ सूत्र वाचन और शास्त्र प्रवचन सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे. श्री नेमीनाथ दिगंबर जैन मंदिर कमेटी के सचिव आशु जैन ने बताया कि दशलक्षण पर्व की शुरुआत उत्तम क्षमा धर्म से होगी और दसवें दिन उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म के बाद 25 सितंबर को क्षमावाणी पर्व मनाया जाएगा. उन्होंने बताया कि पर्युषण पर्व के दौरान श्रद्धालु आत्मशुद्धि, संयम और तप के माध्यम से आत्मकल्याण की दिशा में आगे बढ़ेंगे. सुगंध दशमी 21 सितंबर को मनाई जाएगी. 25 सितंबर को अनंत चतुर्दशी एवं क्षमावाणी पर्व के अवसर पर विशेष धार्मिक आयोजन होंगे.
श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर के अर्पित जैन ने बताया कि दशलक्षण पर्व के प्रत्येक दिन एक धर्म की विशेष आराधना की जाएगी. मुनिसेवा समिति के अध्यक्ष विनोद जैन ने प्रशासन से मांग की कि पर्व के दौरान नगर की मांस एवं मदिरा की दुकानें बंद रखी जाएं.

रेंज चौराहा मंदिर में गणेश जी की झांकी सजी

बैरसिया. नगर में गणेश उत्सव की धूम है. 50 से अधिक स्थानों पर प्रतिमाएं स्थापित की गईं हैं .रेंज चौराहा मंदिर में गणेश जी भगवान की आकर्षक झांकी सजी है. गणेश प्रतिमा के दर्शन हेतु मंगलवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रहीं. रेंज चौराह मंदिर के पुजारी पंडित सुरेश दुवेदी एव पंडित धीरेंद्र शास्त्री के मुताबिक शुद्ध मिट्टी से निर्मित गणेश की प्रतिमा ओर अनूठी झांकी सजाई गई है. यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु आ रहे हैं. फोटो- आरोपी

पिता की हत्या करने वाला बेटा गिरफ्तार

भोपाल, 15 सितंबर. सूखीसेवनिया पुलिस ने पिता की हत्या के आरोपी बेटे को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया. आरोपी ने सोमवार को अपने पिता पर कुल्हाड़ी चलाकर उनकी हत्या कर दी थी.

पुलिस के मुताबिक बंजारा टोला ग्राम प्रेमपुरा निवासी गुड्डीबाई नाथ ने पुलिस को बताया कि उनके पति फूल सिंह नाथ पर उनके पुत्र धर्मेंद्र नाथ ने कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला किया, जिससे उनकी मृत्यु हो गई. आरोपी मौके से फरार हो गया और अमौनी जंगल में छिपा गया था. सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और उसे गिरफ्तार किया. घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी भी जब्त की गई है.

वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति करने दिया ज्ञापन

भोपाल, 15 सितंबर उच्च माध्यमिक शिक्षकों को वरिष्ठता के आधार पर हाई स्कूल प्राचार्य के पद पर पदोन्नति दिए करने के लिए मंगलवार को उच्च माध्यमिक शिक्षक संघ ने स्कूल शिक्षा विभाग को ज्ञापन देकर समस्याओं से अवगत कराया गया. संघ के अध्यक्ष जी. एल. पिप्पल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री कार्यालय में ओएसडी मनीष रस्तोगी, प्रमुख सचिव शिक्षा के ओएसडी अरविंद चोरगड़े, चंद्रशेखर सोलंकी और उप सचिव शिक्षा सुश्री मंजूषा विक्रांत राय को संघ अध्यक्ष जी. एल. पिप्पल द्वारा ज्ञापन सौंपा गया. ज्ञापन में वर्तमान में सभी संवर्गों को वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति दी जाने की बात कही गई है, लेकिन उच्च माध्यमिक शिक्षकों को परीक्षा के माध्यम से पदोन्नति प्रक्रिया में रोकने की प्रक्रिया को न्यायसंगत न बताते हुए उचित कार्रवाई की मांग की गई है. संघ ने मांग की है कि उच्च माध्यमिक शिक्षकों को भी वरिष्ठता के आधार पर हाई स्कूल प्राचार्य पद पर पदोन्नति प्रदान की जाए.

शुद्ध आत्मतत्व ही साध्य, अध्यात्म केवल साधन

भोपाल. विद्योदय तीर्थ, एमपी नगर में आयोजित धर्मसभा में मंगलवार को आचार्यश्री समयसागर जी महाराज ने कहा कि मनुष्य के जीवन का अंतिम लक्ष्य शुद्ध आत्मतत्व की पहचान है. अध्यात्म इस लक्ष्य तक पहुंचने का साधन है. उन्होंने कहा कि संसार में व्यक्ति अनुकूल परिस्थितियों में राग और प्रतिकूल में द्वेष करता है, जबकि साधना का मार्ग समता का है. आचार्यश्री ने कर्म सिद्धांत को समझाते हुए कहा कि जीव को उसके कर्मों के अनुसार परिणाम मिलते हैं. भगवान किसी को नर्क नहीं भेजते. अपने सुख-दुख और जीवन की परिस्थितियों के लिए व्यक्ति को अपने कर्मों को समझना चाहिए. उन्होंने कहा कि राग में मनुष्य आसानी से डूब जाता है, लेकिन समता बनाए रखना कठिन होता है. उन्होंने स्वाध्याय के बारे में कहा कि केवल ग्रंथ पढ़ना ही स्वाध्याय नहीं है. संसार भी एक खुली किताब है और जीवन की प्रत्येक परिस्थिति से सीखना चाहिए. मनुष्य को मिलने वाली शक्ति, ज्ञान और संसाधनों का दुरुपयोग करने के बजाय आत्मकल्याण में उपयोग करना चाहिए. आचार्यश्री ने कहा कि वस्तुओं और संबंधों के प्रति 'यह मेरा है' का भाव साधना में बाधा बनता है. ध्यान भी साधन है, जबकि ध्येय आत्मा का शुद्ध स्वरूप है. उन्होंने श्रद्धालुओं से राग-द्वेष से ऊपर उठकर समता और आत्मचिंतन की दिशा में आगे बढ़ने का संदेश दिया.

मंडीदीप प्रीमियर लीग में लायन विंग्स की जीत

- कप्तान गोलू मीणा मैन ऑफ का मैच
- भोपाल के अजीम लाला बेस्ट बॉलर चुने गए

मंडीदीप, 15 सितंबर.मंडीदीप प्रीमियर लीग प्लास्टिक बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में लायन विंग्स मंडीदीप ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आरिफ इलेवन भोपाल को 12 रन से हरा दिया. मुकाबले में लायन विंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 ओवर में 117 रन का लक्ष्य रखा.

लायन विंग्स की ओर से उत्तम शर्मा और मजहर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 80 रनों की साझेदारी की और टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया. लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरिफ इलेवन भोपाल की टीम 6 ओवर में 105 रन ही बना सकी. लायन विंग्स की जीत में कप्तान गोलू मीणा की गेंदबाजी का अहम योगदान रहा. उन्होंने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट हासिल किए और उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया. मुकाबले के अंतिम ओवर में अनस खान ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए अपनी टीम को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

> आयोजक लकी गौर एवं उनके सहयोगियों ने उत्तम शर्मा को बेस्ट सीरीज, जबकि मजहर को बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार मिला. भोपाल के अजीम लाला को बेस्ट बॉलर चुना गया. अनस खान को बेस्ट शॉट ऑफ द टूर्नामेंट के खिताब से नवाजा गया. साथ वेस्ट दर्शक का अवॉर्ड वार्ड 5 के दर्शकों के ग्रुप को दिया गया. इस अवसर पर पूर्व नपा अध्यक्ष विपिन भार्गव व बद्री सिंह चौहान, संयम जैन, मोंटी शुक्ला, शुभम खटीक एवं हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष अजीत सिंह चौहान आदि उपस्थित थे.

छात्रसंघ चुनाव शुरू कराने उच्च शिक्षा मंत्री को सौंपा ज्ञापन

- लोकतांत्रिक अधिकारियों से वंचित हैं छात्र
- कॉलेजों के लिए विशेष बजट स्वीकृत करने की भी मांग

नवभारत प्रतिनिधि
भोपाल. प्रदेश के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव को फिर से शुरू करने के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने उच्च शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपा.

परिषद कार्यकर्ताओं ने प्रांत मंत्री केतन चतुर्वेदी के नेतृत्व में शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार से सोमवार को भेंटकर उन्हें ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन के माध्यम से प्रदेश में साल 2017 से छात्रसंघ चुनाव बंद होने और प्रदेश के लाखों विद्यार्थियों के लोकतांत्रिक अधिकारों से वंचित रहने की बात कही. साथ ही मप्र उच्च न्यायालय द्वारा छात्रसंघ चुनाव कराने के संबंध में जारी दिशा-निर्देश और सरकार द्वारा सितंबर में चुनाव कराने का आश्वासन का जिक्र भी किया. साथ ही साथ प्रतिनिधिमंडल ने शासकीय महाविद्यालयों की मूलभूत सुविधाओं के अभाव का जिक्र करते हुए शासकीय कॉलेजों के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए विशेष बजट निर्धारित करने की मांग भी दोहराई.

आउटसोर्सिंग में डिजिटल पारदर्शिता का दावा अधूरा

- कर्मचारियों नहीं देख सकेंगें अपना ही वेतन और पीएफ

नवभारत प्रतिनिधि
भोपाल, 15 सितंबर. मप्र में आउटसोर्स कर्मचारियों की व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने रोम्स पोर्टल की शुरुआत की है. इस डिजिटल व्यवस्था के तहत एजेंसियों के पंजीयन से लेकर कर्मचारियों की ई-केवाईसी और मासिक हाजिरी का पूरा हिसाब ऑनलाइन दर्ज किया जाएगा.

वित्त विभाग ने 10 सितंबर को जारी आदेश में स्पष्ट किया है कि अक्टूबर से बिना रोम्स जनरेटेड इनवॉइस के कोषालय से भुगतान नहीं होगा. लेकिन इस पोर्टल को लेकर कर्मचारी संगठनों ने आपत्ति जताई है. संगठन का कहना है कि पोर्टल में कर्मचारियों की जानकारी तो दर्ज होगी लेकिन उन्हें अपनी ही जानकारी देखने के लिए लॉगिन आईडी नहीं दी जायेगी. जिसके लिए पूरा सिस्टम तैयार किया गया है. अस्थाई आउटसोर्स कर्मचारी मोर्चा के प्रांतीय अध्यक्ष वासुदेव शर्मा का कहना है कि डिजिटल प्रणाली लागू होने के बाद भी आउटसोर्स कर्मचारियों को अपने ही वेतन और पीएफ कटौती का ब्योरा जानने के लिए एजेंसियों और विभागीय अधिकारियों के चक्कर काटने पड़ेंगे.

अतिथि शिक्षकों ने दिया ज्ञापन, नियमितिकरण की मांग

नवभारत प्रतिनिधि
भोपाल, 15 सितंबर. उच्च शिक्षा विभाग में कार्यरत हजारों अतिथि विद्वानों ने नियमितीकरण की मांग को लेकर मंगलवार को उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार को ज्ञापन सौंपा.

ज्ञापन में नियमितीकरण और स्थायित्व के लिए नीति बनाने की एक निश्चित समयावधि तय करने की मांग रखी. साथ ही यह भी कहा कि जब तक स्थायी नीति लागू नहीं हो जाती, तब तक के लिए फॉलन आउट (पद से हटाये जाने) की प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से बंद किया जाए. अतिथि विद्वानों ने बताया 10 जुलाई को भोपाल के रविंद्र भवन में आयोजित सम्मेलन के दौरान उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार और मुख्यमंत्री ने अतिथि विद्वानों की समस्याओं को गंभीरता से स्वीकारते हुए हरियाणा मॉडल की तर्ज पर बेहतर नीति बनाने और नियमितीकरण का भरोसा दिया था, लेकिन अमल नहीं हुआ.

सबनानी-तोमर ने कार्यकर्ताओं संग देखी हनुमान अंश

भोपाल, 15 सितंबर. मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर और दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक भगवानदास सबनानी ने मंगलवार को कार्यकर्ताओं के साथ फिल्म 'हनुमान अंश' देखी. विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह, कार्यकर्ताओं के साथ आम दर्शकों की तरह टिकट लेकर फिल्म देखी. वहीं विधायक सबनानी ने संगीत टॉकीज में दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के 254 बूथ अध्यक्षों और 52 शक्ति केंद्र संयोजकों सहित कार्यकर्ताओं के साथ फिल्म का आनंद लिया. संगीत टॉकीज में कार्यकर्ताओं ने फिल्म देखी.

बिड़ला संग्रहालय : माचिस की तीलियों से बनी प्रतिमा

भोपाल, 15 सितंबर. गणेश चतुर्थी पर जीपी बिड़ला संग्रहालय में तीन दिवसीय प्रदर्शनी लगाई गई है. इसमें सेवानिवृत्त प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश उमेश कुमार गुप्ता के संग्रह में शामिल भगवान गणेश के 32 स्वरूप प्रदर्शित किए गए हैं.

साथ ही देश के प्रमुख गणेश मंदिरों की प्रतिमाओं और उज्जैन के महाकाल के गणेश स्वरूप के दुर्लभ छायाचित्र भी रखे गए हैं. प्रदर्शनी में कलाकारों की अलग-अलग कलाकृतियां भी हैं. इनमें माचिस की तीलियों से बनाई गई

सुनील कुमार भट्ट की गणेश प्रतिमा, अरुणा गुप्ता की मधुबनी पेंटिंग, शुभ्रा श्रीवास्तव की 'बाल गणपति' और 'कमलासन गणेश' पेंटिंग तथा अजय राठौर का बांस से बना गणेश रथ शामिल है.

खाद्य पदार्थों की जांच की मांग

बैरसिया. त्योहारों का सिलसिला शुरू हो गया है. इस दौरान मिलावटी मिठाई, मावा, दूध, पनीर, दही सहित अन्य खाद्य सामग्री की बिक्री के साथ होटलों में खुलेआम घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों का उपयोग भी बढ़ जाता है. नागरिकों ने जिला प्रशासन से बैरसिया सहित आसपास के रेस्टोरेंट और मावा - मिठाई की दुकानों की नियमित जांच की मांग की है.स्थानीय लोगों की मांग है कि खाद्य पदार्थों की जांच की जाए, ताकि मिलावट की आशंका पर समय रहते कार्रवाई हो सके. इसके साथ ही रेस्टोरेंट और होटलों में इस्तेमाल हो रहे घरेलू गैस सिलेंडरों की भी जांच हो.

एआई से अब पढ़ाई के परिणामों की पड़ताल

- आईसीएफएआई टीम ने विकसित की नई प्रणाली
- सवाल स्तर तक छात्रों के प्रदर्शन का होगा विश्लेषण

हैदराबाद, 15 सितंबर (नवभारत कनेक्ट). आईसीएफएआई की शिक्षकों की टीम ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग आधारित ऐसी नई प्रणाली विकसित की है, जो परिणाम आधारित शिक्षा में छात्रों के सीखने के परिणामों का बारीकी से विश्लेषण करेगी.

यह प्रणाली केवल मान्यता संबंधी आवश्यकताओं तक सीमित रहने के बजाय छात्रों की वास्तविक सीखने की स्थिति पहचानने और पाठ्यक्रम में सुधार करने में मदद करेगी. इस शोध का शीर्षक 'एक आधारभूत ऑनलाइन एमबीए पाठ्यक्रम में सीखने के परिणामों की सूक्ष्म गणना के लिए एआई/एमएल प्रणाली का प्रयोग' है. शोध को प्रो. प्रसाद आर. ने जर्मनी के ब्रेमेन में 17 से 20 अगस्त तक आयोजित अंतरराष्ट्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी एवं ऑनलाइन शिक्षण सम्मेलन में प्रस्तुत किया. सम्मेलन में 54 देशों से 500 से अधिक शोधपत्र आए और करीब 900 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया. अध्ययन पांच एमबीए पाठ्यक्रमों के 70-70 विद्यार्थियों पर किया गया. इसमें छह प्रकार के प्रश्न और आकलन के तहत कुल 927 प्रश्नों का विश्लेषण किया गया. प्रणाली ने प्रश्नों, विद्यार्थियों, प्रश्नों के प्रकार, मूल्यांकन और ब्लूम की वर्गीकरण प्रणाली के विभिन्न स्तरों के आधार पर सीखने के परिणामों की गणना की.

आयोजन बीएसएसएस के बीबीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने लिया कार्यक्रम में हिस्सा

छात्रों की रचनात्मकता से सजा प्रज्ञोत्सव

भोपाल, 15 सितंबर. द भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज (बीएसएसएस) के प्रबंधन विभाग और मैनेजमेंट क्लब की ओर से दो दिवसीय प्रज्ञोत्सव 2026 का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय ज्ञान प्रणाली की समृद्धि, उपयोगिता और वर्तमान समय में उसकी प्रासंगिकता से परिचित कराना था.

कार्यक्रम में मंथन, वाद-विवाद, ताल तरंग और नृत्य प्रतियोगिता के साथ चित्र एवं कला प्रदर्शनी आयोजित की गई.

सभी गतिविधियां भारतीय ज्ञान प्रणाली की थीम पर आधारित रहीं. वाद-विवाद प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने क्या आधुनिक शिक्षा प्रणाली में गुरुकुल शिक्षा को फिर से शुरू किया जाना चाहिए विषय पर अपने विचार रखे. प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को पारंपरिक शिक्षा पद्धति और वर्तमान शिक्षा व्यवस्था के बीच संबंधों पर विचार करने का अवसर मिला. प्रबंधन विभाग की प्रमुख प्रो. स्मिता पिल्लई के नेतृत्व में कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. यशी तिवारी ने विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया. कार्यक्रम में बीबीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. विद्यार्थियों ने प्रतियोगिताओं में अपनी रचनात्मकता और अभिव्यक्ति का प्रदर्शन किया. आयोजकों ने बताया कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में टीम भावना, संवाद कौशल, आत्मविश्वास और रचनात्मक सोच विकसित होती है. साथ ही उन्हें कक्षा से बाहर अपनी प्रतिभा दिखाने और भारतीय ज्ञान परंपरा को समझने का अवसर मिलता है.

फर्जी फैकल्टी पर नर्सिंग मान्यता सवालों में

भोपाल, 15 सितंबर. एनएसओ छात्र संगठन ने मंगलवार को नर्सिंग काउंसिल में रजिस्ट्रार को ज्ञापन सौंपकर नर्सिंग कॉलेजों को दी जा रही मान्यता में अनियमितताओं का आरोप लगाया. संगठन के संस्थापक गोपाल पाराशर ने कहा कि हाईकोर्ट द्वारा फर्जी फैकल्टी पर तीन लाख रुपए जुर्माने के आदेश के बावजूद सत्र 2026-27 के लिए कॉलेजों को मान्यता दी जा रही है. संगठन का दावा है कि छह दर्जन से अधिक कॉलेजों में सरकारी नौकरी में कार्यरत कर्मचारियों के दस्तावेज फैकल्टी के रूप में लगाए गए हैं.